भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 531
गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ानों का रद्द होना

531. डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानी:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि हाल ही में केरल के विभिन्न विमानपत्तनों से मध्य पूर्व के लिए एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों को अचानक रद्द किए जाने के कारण प्रवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार का मध्य पूर्व में प्रवासियों के लिए हवाई संपर्क और सेवाओं में सुधार करने का विचार है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके और भविष्य में एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान समय-सारणी की विश्वसनीयता और निरंतरता सुनिश्चित की जा सके तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) केरल के हवाईअड्डों सहित मध्य पूर्व के हवाईअड्डों से उड़ानें कभी-कभी मौसम, तकनीकी, परिचालन और विविध कारणों से रद्द हो जाती हैं। उड़ान में व्यवधान और विशेष रूप से उड़ानें रद्द होने और उड़ान पर जाने वाले यात्रियों को समुचित सूचना दिए बिना उड़ान में देरी के मामले में हवाई यात्रियों के लिए समुचित संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए, डीजीसीए ने "बोर्डिंग न कराने, उड़ानों के रद्द होने और उड़ानों में देरी के कारण एयरलाइनों द्वारा यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं" पर नागर विमानन अपेक्षाएं (सीएआर), खण्ड -3 - वायु परिवहन, - श्रृंखला-एम भाग-IV जारी की हैं।

(ख) हवाई संपर्क में सुधार एक सतत प्रक्रिया है। वर्तमान में, भारत सरकार गैर-मेट्रो बिंदुओं से भारतीय वाहकों द्वारा सीधे या उनके स्वयं के घरेलू परिचालन के माध्यम से और अधिक अंतरराष्ट्रीय परिचालनों को बढ़ावा दे रही है। भारतीय एयरलाइनें द्विपक्षीय समझौतों के दायरे में अपनी इच्छानुसार किसी भी बाजार और नेटवर्क का चयन करने और परिचालन करने के लिए स्वतंत्र हैं। एयरलाइनें यातायात की माँग और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर विशिष्ट स्थानों पर हवाई सेवाएं प्रदान करती हैं। भारत में किसी भी बिंदु से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की

शुरुआत करना उक्त मार्ग की आर्थिक व्यवहार्यता, विमान की उपलब्धता आदि के आधार पर पूर्ण रूप से एयरलाइनों का एक वाणिज्यिक निर्णय होता है।

*****